यूटीयू के 91 विद्यार्थियों को पांच लाख तक का पैकेज

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में पहली बार पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। विभिन्न संस्थानों के 91 छात्र-छात्राओं को पांच लाख तक के पैकेज पर नौकरियां मिलीं।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि यूटीयू में छात्रों की ट्रेनिंग-प्लेसमेंट बढ़ाए जाने के लिए बीते साल एन्ड्रॉयड आधारित मोबाइल ऐप तैयार की गई थी। इसके जरिए यूटीयू से संबद्ध सभी 90 संस्थानों के छात्रों को एक प्लेटफार्म से जोड़ा गया, जिसके जरिए ये पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। उन्होंने बताया कि इसके लिए यूटीयू ने विशेष प्लेसमेंट नीति भी बनाई है। इन सभी 91 छात्रों को विभिन्न देसी-विदेश कंपनियों में ढाई से पांच लाख रुपये तक का पैकेज मिला है।

बीटेक-बीफार्मा लेटरल एंट्री में काउंसलिंग शुरू

कुलपति ने बताया कि बीटेक और बीफार्मा लेटरल एंट्री यानी सीधे दूसरे साल में प्रवेश को काउंसलिंग शुरू हो गई है। इन दोनों पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण की काउंसलिंग को शुल्क जमा करने, ऑनलाइन पंजीकरण, च्वाइस भरने के लिए तीन जून तक की तिथि है। दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 से 17 जून, तीसरे चरण की 28 जून से 30 जून है। इसके बाद प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए काउंसलिंग होगी।